an>

Title: Need to open an agricultural university in Maharajganj Parliamentary Constituency of Bihar.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) : अध्यक्ष महोदया, मेरा संसदीय क्षेत्र महाराजगंज बिहार राज्य का एक अत्यंत ही पिछड़ा क्षेत्र है। कृषि ही एकमात्र जीवनयापन का साधन उस क्षेत्र के लोगों के लिए है। इसलिए स्वाभाविक तौर पर कृषि संबंधी विकासात्मक एवं रचनात्मक कार्य की यहां विशेष आवश्यकता है। हमारे क्षेत्र में ही नहीं ब्लकि सारण प्रमण्डल के सीमा से जुड़े बिहार के अन्य जिलों में भी कृषि संबंधी कोई उच्च शैक्षणिक संस्था नहीं है। अतः भविष्य में कृषि के क्षेत्र को विकसित करने तथा कृषि क्षेत्र में नयी-नयी और शोधपूर्वक शिक्षण कार्य संचालित करने के लिए मेरे संसदीय क्षेत्र के जलालपुर बनियापुर, एकया, इसुआपुर, तरैया, लहलादपुर या मांझी प्रखण्ड में एक कृषि विश्वविद्यालय खोलने की आवश्यकता है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह निवेदन करूंगा कि वहां कृषि विश्वविद्यालय खोलने से वहां के किसानों को लाभ मिलेगा, आगे किसान उसका लाभ उठाएंगे। उनका जीवनयापन उच्चस्तरीय होगा। मैं एक निवेदन और करना चाहता हूं कि वहां कृषि विश्वविद्यालय खोलने के लिए जमीन की कमी नहीं है। पर्याप्त मात्रा में जमीन वहां उपलब्ध है।